आकाशवाणी चंडीगढ़

27 मार्च 2025, समय 1810

समाचार

- हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने प्रदेश के जनप्रतिधियों से प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने का आहवान किया।
- स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा है कि जिला नूंह के गांव मांडीखेड़ा स्थित नागरिक अस्पताल में 'दुर्घटना और ट्रॉमा देखभाल सेवाओं' का उन्नयन किया जाएगा।
- नाबार्ड और हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा पंचकूला में स्वयं सहायता समूह के उत्पादों के विपणन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- अभियांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस वर्ष भारत की पहली "मेड इन इंडिया चिप" जारी की जाएगी।
- हरियाणा के अंबाला जिले की 151 ग्राम पंचायतें टी बी मुक्त हुई।

**************************************************************************

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने प्रदेश भर के जनप्रतिधियों से प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने का आहवान किया है।आज बजट सत्र के दौरान सदन को संबंधित करते हुए विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है और बहुत से किसान इसमें बहुत अच्छा काम भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को लेकर उचित वातावरण बनाने की जरूरत है। इसके लिए पंचायत स्तर, ब्लॉक समिति, जिला परिषद, विधायक और सांसद तक सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी ।उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि लोगों को रसायनिक खेती और प्राकृतिक खेती के अंतर को ठीक तरीके से समझा सकते हैं। इसके लिए चुने हुए प्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों से गोष्ठी करके तथा छोटे-छोटे समूह बनाकर बड़ा योगदान देना चाहिए।उन्होंने कहा कि वे आने वाले समय में एक योजना बनाकर सभी सदस्यों के लिए हरियाणा विधान सभा की तरफ से भी प्राकृतिक खेती पर सेमिनार आयोजित करवाया जाएगा जिसमें प्राकृतिक खेती में अच्छा काम करने वाले किसानों को भी आमंत्रित किया जाएगा ताकि इससे दूसरे किसानों को भी प्रोत्साहन मिले।

**************************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने बताया कि जिला नूंह  के गांव मांडीखेड़ा स्थित नागरिक अस्पताल में 'दुर्घटना और ट्रॉमा देखभाल सेवाओं' का उन्नयन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस अस्पताल  की  बिस्तर क्षमता भी बढ़ाकर 200की जाएगी ।स्वास्थ्य मंत्री आज हरियाणा विधानसभा में एक सदस्य के प्रश्न का उत्तर दे रही थी।उन्होंने बताया कि अस्पताल की कुल भूमि 16 एकड़ और 8 मरला है। सरकार ने इस 100 बिस्तरीय अल-आफिया जिला नागरिक अस्पताल को 200 बिस्तरीय अस्पताल में बदलने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति गत वर्ष जुलाई में प्रदान कर दी है।उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला नूंह में 135 स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें नूंह में एक जिला नागरिक अस्पताल 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 17 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 111 उप स्वास्थ्य केन्द्र शामिल हैं। इनके अलावा, जिला नूह में एक मेडिकल कॉलेज है।

************************************************************************

नाबार्ड और हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त प्रयास  से आज पंचकूला में स्वयं सहायता समूह के उत्पादों के विपणन को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में उन्हें उत्पाद बेचने बारे कई अहम बातों की जानकारी दी गई। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ अमरेन्द्र कौर ने बताया–

उल्लेखनीय है कि नाबार्ड और हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच सहमति ज्ञापन के तहत लाभार्थियों को ग्राम दुकानें आवंटित की गई हैं।डॉ अमरेन्द्र कौर ने बताया कि आजीविका मिशन की बहनें जो पहले बस अड्डों आदि पर अपनी दुकानें चला रही हैं वो बहुत ही महारत के साथ अपनी दुकानों पर सामान को बेच पा रही है।

नाबार्ड हरियाणा की मुख्य महाप्रबंधक निवेदिता तिवारी ने बताया -

उन्होंने कहा कि मिशन का मुख्य मकसद ग्रामीण महिलाओं को सशक्त करना है।

विभिन्न जिलों से कार्यशाला में आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने आकाशवाणी से बातचीत की।

************************************************************************

यांत्रिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत आज विश्व में 5जी का दूसरा सबसे बड़ा बाजार बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भारत की पहली "मेड इन इंडिया चिप" जारी की जाएगी।नई दिल्ली में आज एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 11 लाख करोड़ रूपए का निवेश हो रहा है।

श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश में मेडिकल कॉलेज और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि समूचे दक्षिणी और समृद्ध देश, भारत की यूपीआई भुगतान प्रणाली अपनाने को इच्छुक दिख रहे हैं।

*************************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि करनाल जिले के गांव निगधु में राजकीय महाविद्यालय के भवन के निर्माण कार्य के लिए 32 करोड़ 35 लाख 81 हजार रूपये की राशि का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसे जल्द ही स्वीकृत कर दिया जाएगा।इसके अलावा, विभिन्न शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों की भर्ती के लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को मांग भेजी जा चुकी है।शिक्षा मंत्री आज विधानसभा बजट सत्र में सदन के सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे।

*************************************************************************

हरियाणा के अंबाला जिले में 151 ग्राम पंचायतें टी बी मुक्त हो गई हैं।

आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा अम्बाला शहर में आयोजित राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में इन ग्राम पंचायतों के सरपंचों को सम्मानित किया गया। उप सिविल सर्जन एवं टीबी मुक्त अभियान के नोडल अधिकारी डा. सीमा ने कहा कि विभाग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान अनुसार वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने की दिशा में काम कर रहा है, हालांकि भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए विश्व का लक्ष्य 2030 का है।

उन्होंने कहा कि आज जिन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त अभियान के तहत सम्मानित किया गया है उनके लिए निर्धारित मापदंड तय किए गए थे जिन पर वे खरा उतरे हैं।

*************************************************************************

अब खबर कुछ हट के चरखी दादरी जिले के गांव मिर्च निवासी प्रगतिशील किसान प्रवीण सांगवान पेशे से एक अध्यापक हैं और अपनी सरकारी नौकरी छोड़ मशरूम की खेती कर रहे हैं।
वह इस से मोटा मुनाफा भी कमा रहे हैं और दूसरों को रोजगार भी दे रहे हैं।

दूसरे किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने प्रवीण का लक्ष्य अब जैविक मशरूम की खेती करना है। उन्होंने कहा कि जैविक मशरूम की देश विदेश के बाजार में काफी मांग है।

*************************************************************************

हरियाणा सरकार ने, ईद-उल-फितर के दिन आगामी 31 मार्च को राजपत्रित अवकाश के बजाय अनुसूची-II के अंतर्गत प्रतिबंधित अवकाश घोषित किया है।

हरियाणा सरकार द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है।

अधिसूचना में बताया गया है कि 29 मार्च को शनिवार और 30 मार्च को रविवार है जबकि 31 मार्च वित्त वर्ष 2024-25 का समापन दिवस है। इसलिए 31 मार्च को प्रतिबंधित अवकाश रहेगा।
***********************************************************************